भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 689

शुक्रवार, 08 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स

689. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर विक्रेता के रूप में पंजीकृत और सक्रिय किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), खाद्य एग्रीगेटर्स और छोटे व्यवसायों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत और सक्रिय विक्रेताओं के रूप में कार्यरत निजी कंपनियों और बड़े व्यवसायों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना की शुरूआत के बाद से इस प्लेटफ़ॉर्म पर माह-वार कितना लेनदेन होता है;

(घ) ओएनडीसी से पूरी तरीके से लाभान्वित होने के लिए छोटे व्यवसायों के बीच जागरूकता और अनुरूपण बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या छोटे व्यवसायों और स्थानीय व्यापारियों को ओएनडीसी का उपयोग करने और ओएनडीसी के अनुरूप होने के लिए कोई प्रशिक्षण दिया गया है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) : नेटवर्क होने के नाते, ओएनडीसी सीधे किसी भी विक्रेता को ऑनबोर्ड नहीं करता है। ओएनडीसी, नेटवर्क के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं के आदान-प्रदान को सक्षम बनाता है।

- वर्तमान में, 3000 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) ने विभिन्न विक्रेता नेटवर्क प्रतिभागियों के माध्यम से ओएनडीसी नेटवर्क का हिस्सा बनने के लिए पंजीकरण कराया है।
- सिडबी की सहायता से 400+ स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), सूक्ष्म उद्यमी और सामाजिक क्षेत्र के उद्यमों ने नेटवर्क को जोड़ा है।
- ओएनडीसी, एमएसएमई मंत्रालय के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है ताकि मौजूदा विक्रेता एप्लीकेशनों के माध्यम से एमएसएमई को नेटवर्क में जोड़ा जा सके और एमएसएमई-मार्ट, जिसमें 2 लाख से अधिक एमएसएमई हैं, को एकीकृत करने के लिए भी काम किया जा सके।
- ओएनडीसी, विभिन्न खाद्य एग्रीगेटर्स के माध्यम से विभिन्न रेस्तरां को इस नेटवर्क में जोड़ने के लिए नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) और फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) जैसे उद्योग संघों के साथ भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। वर्तमान में, ओएनडीसी नेटवर्क पर 59,000 से अधिक खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) विक्रेता उपलब्ध हैं।

(ख) : ओएनडीसी पर वर्तमान में 2.3 लाख से अधिक विक्रेता और सेवा प्रदाता उपलब्ध हैं, जिन्हें विभिन्न विक्रेता नेटवर्क प्रतिभागियों के माध्यम से नेटवर्क पर ऑनबोर्ड किया गया है। इन विक्रेताओं में छोटे, मध्यम और बड़े उद्यम और मोबिलिटी के मामले में ड्राइवर शामिल हैं।

(ग) : ओएनडीसी कोई मंच नहीं, बल्कि एक नेटवर्क है जो नेटवर्क के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं के आदान-प्रदान को सक्षम बनाता है। ओएनडीसी में कोई केंद्रीय प्रणाली नहीं है, जो सभी लेनदेन की निगरानी करती हो।

(घ) और (ङ) : ओएनडीसी ने इस नेटवर्क की सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने और ओएनडीसी के अनुरूप बनने हेतु छोटे व्यवसायों के बीच जागरूकता, अनुकूलन और प्रशिक्षण के लिए विभिन्न पहलें शुरू की हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- ओएनडीसी, छोटे विक्रेताओं और व्यवसायों को ओएनडीसी और इसके लाभों के बारे में शिक्षित करने हेतु देशभर के विभिन्न उद्योग संघों के सहयोग से जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है। आरएआई, पीएचडीसीसीआई, फिक्की, नैसकॉम और एफएचआरएआई के सहयोग से विभिन्न संयुक्त कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।
- ओएनडीसी सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के विभिन्न विभागों के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। प्रत्येक राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र ने ओएनडीसी के साथ राज्यस्तरीय जुड़ाव में तेजी लाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। देशभर में विभिन्न ओएनडीसी जागरूकता अभियान और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।
- ओएनडीसी ने ओएनडीसी के लाभों के बारे में शिक्षित करने, विक्रेताओं की पहचान करने और विक्रेता एप्लीकेशनों के माध्यम से शामिल होने की विधि, विक्रेता एप्लीकेशनों पर ऑनबोर्ड करने, विक्रेताओं को हैंड-होल्डिंग सहायता और प्रथम स्तर का मूलभूत कैटलॉग बनाने में नेटवर्क प्रतिभागियों (एनपी) की सहायता करने के लिए फीट ऑन स्ट्रीट कार्यक्रम शुरू किया है।
- ओएनडीसी ने एक अकादमी शुरू की है जो शैक्षिक और सूचनापरक पाठ्यक्रम और वीडियो सामग्री का संग्रह है। ओएनडीसी अकादमी, ओएनडीसी नेटवर्क के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक सफल ई-कॉमर्स यात्रा हेतु मार्गदर्शन और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदान करने वाला एक विशेष रूप से तैयार शिक्षण अनुभव प्रदान करेगी।

******